जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

02 दिसंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया को शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए पीएचडी कोर्स हेतु रिकॉर्ड संख्या में आवेदन प्राप्त हुए

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए अपने पीएचडी कोर्स हेतु रिकॉर्ड संख्या में आवेदन प्राप्त करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय ने विभिन्न संकायों, विभागों और केंद्रों द्वारा संचालित 68 विषयों में पीएचडी कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पीएचडी कोर्स के लिए कुल 7,106 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें छूट प्राप्त श्रेणी से 3759 और गैर-छूट प्राप्त श्रेणी से 3347 आवेदन शामिल हैं। प्रवेश परीक्षाएं दिनाँक 30 नवंबर और 01 दिसंबर, 2024 को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित छह अलग-अलग केंद्रों पर आयोजित की गईं।

ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि शुरू में 30 अक्टूबर, 2024 निर्धारित की गई थी परंतु बाद में अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 नवंबर, 2024 कर दिया गया था । इसके अतिरिक्त फॉर्म 18 नवंबर, 2024 तक किसी भी प्रकार के संसोधन के लिए उपलब्ध रहा।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी के साथ जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलानुशासक कार्यालय और परीक्षा नियंत्रक की टीम संग परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने प्रवेश परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों से बातचीत की और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा प्रदान की गई व्यवस्थाओं के बारे में अपनी संतुष्टि व्यक्त की।

कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को प्रत्येक छात्र के लिए एक स्कोरकार्ड जारी करने का निर्देश दिया है जिसमें प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंतिम अंकों का विवरण होगा । प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इस पहल को लागू किया गया है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया